1351. हाल ही के वर्षों में राजस्थान के बजट की राजस्व प्राप्तियों में निम्न में से कौन सा मद सर्वाधिक राजस्व प्रदान कर रहा है?

(a) केन्द्रीय करों में हिस्सा (b) राज्य का कर राजस्व
(c) गैर-कर राजस्व (d) केन्द्रीय अनुदान

उत्तर (b)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- हाल के वर्षों में राजस्थान के बजट के राजस्व प्राप्तियों में राज्य के कर राजस्व में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें 13.90% की औसत वार्षिक चक्रवृद्धि दर से वृद्धि हुई है। बजट 2022-23 में राजस्थान के स्वयं का कर राजस्व 98294 लाख करोड़ रु. केन्द्रीय करों में हिस्सा 49211लाख करोड़ रु. कर भिन्न राजस्व 22155 लाख करोड़ रु. केन्द्रीय सहायता अनुदान 5318करोड़ रु. अनुमानित है।

(xi) राजस्थान में कृषि

1352. राजस्थान में मक्का की खेती के प्रमुख जिले हैं -

(a) बारां, जालौर और प्रतापगढ़
(b) चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और बूंदी
(c) बांसवाड़ा, पाली और सिरोही
(d) बारां, कोटा और झालावाड़

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : राजस्थान में मक्का मुख्य रूप से चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, बूंदी, भीलवाड़ा, उदयपुर, डूंगरपुर तथा राजसमंद जिलों मे की जाती है। यह दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख खाद्यान्न है। राजस्थान में मक्का अनुसंधान केन्द्र बांसवाड़ा में स्थापित है।

1353. राजस्थान में सोयाबीन उत्पादक प्रमुख क्षेत्र है -

(a) अर्द्ध शुष्क
(b) हाड़ौती पठार
(c) माही बेसिन
(d) पूर्वी मैदान

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : राजस्थान का हाड़ौती क्षेत्र सोयाबीन उत्पादन में अग्रणी क्षेत्र है। सर्वाधिक सोयाबीन का उत्पादन कोटा एवं बारां में होता है। सोयाबीन, प्रोटीन का अच्छा स्रोत माना जाता है। सोयाबीन हेतु 15° से 35° तापमान एवं 75 सेमी. से 125 सेमी. वार्षिक वर्षा के साथ दोमट चिकनी मिट्टी की आवश्यकता रहती है।

1354. राजस्थान में किस वृक्ष से 'कत्था' निकाला जाता है?

(a) खेजड़ी (b) पलास
(c) खैर (d) धोक

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : राजस्थान में खैर वृक्ष से कत्था निकाला जाता है। वन की उपज पर आधारित कत्था उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करता है। कत्था मुख्य रूप से कोटा, बूंदी, झालावाड़, सवाई माधोपुर, धौलपुर, अलवर जिलों में उत्पादित होता है। राजस्थान मे गोंद एवं लाख का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर होता है।

1355. निम्नलिखित में से कौन-सी फसल, राजस्थान में ज़ायद के मौसम में उत्पादित नहीं की जाती है?

(a) तरबूज (b) खरबूजा
(c) ककड़ी (d) सोयाबीन

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : सोयाबीन की फसल, राजस्थान में जायद के मौसम के उत्पादित नहीं की जाती है। सोयाबीन खरीफ की फसल है। तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, कासनी राजस्थान में जायद की फसल है।

1356. कौन-सा असत्य है?

(a) शुष्क खेती पश्चिमी राजस्थान में प्रचलित है।
(b) राजस्थान में झूमिंग खेती को वालरा कहते हैं।
(c) राजस्थान में आर्द्र खेती दक्षिण-पूर्वी भाग में की जाती है।
(d) राजस्थान को 14 कृषि जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है।

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के अनुसार राजस्थान को 10 कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इन क्षेत्रों को कृषि-जलवायु मापदण्डों जैसे वर्षा, तापमान, स्थलाकृति मिट्टी की विशेषताओं, फसल के पैटर्न और सिंचाई की उपलब्धता के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। अन्य कथन सत्य है।

1357. राजस्थान में प्रमुख सरसों उत्पादक जिलों का सही युग्म है-

(a) अजमेर-नागौर (b) बीकानेर-जैसलमेर
(c) अलवर-जयपुर (d) करौली-सवाई माधोपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : सरसों राजस्थान का प्रमुख तिलहन फसल है। सरसों उत्पादन में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है। अलवर एवं जयपुर राजस्थान के प्रमुख सरसों उत्पादक जिला है। राष्ट्रीय सरसों अनुसन्धान केन्द्र सेवर (भरतपुर) में स्थित है।

1358. गेहूँ एवं दलहन पर राष्टीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.) राजस्थान में किस वर्ष प्रारम्भ किया गया?

(a) 2006-07 (b) 2007-08
(c) 2008-09 (d) 2009-10

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित योजना के रूप में राजस्थान में 2007-08 में गेहूँ एवं दलहन पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन प्रारम्भ किया गया था। इस मिशन के अन्तर्गत प्रमाणित बीजों का वितरण उन्नत उत्पादन तकनीक, जैविक खाद, एवं फसल तंत्र आधारित प्रशिक्षण आदि महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

1359. मूंगफली के उत्पादन में राजस्थान का भारत में कौनसा स्थान है?

(a) द्वितीय (b) प्रथम
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार मूंगफली के उत्पादक अग्रणी राज्य गुजरात, राजस्थान एवं तमिलनाडु है। राजस्थान का कुल मूंगफली उत्पादन में 16.83 प्रतिशत का योगदान है।